प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

06.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग दौरा

भाजपा के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर आज बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में होने वाले त्रिदेव सम्मेलन और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के जगात खाना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा वे घवांडल और श्री नयना देवी में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव व प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए टिकट फाइनल करने का फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद ही प्रत्याशियों के नाम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल हमीरपुर जिले के नादौन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने बागी विधायकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बिकाऊ को कभी जिताऊ नहीं बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश की जनता भाजपा को नकार चुकी है और राज्य में कांग्रेस सरकार पूरे पांच साल तक जनता की सेवा करेगी।

संजय टंडन

प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि कांग्रेस और भाजपा की कार्य शैली में बड़ा अंतर है। धर्मशाला में कल एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विकास योजना में वर्ष 2014 में 55 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़े थे और वर्ष 2023

तक 99 प्रतिशत गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा और कांग्रेस की कार्यशैली में साफ अंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों को लोगों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन औसत बिजली आपूर्ति में भी वृद्धि हुई है। संजय टंडन ने इससे पहले कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के रेहन फतेहपुर में पार्टी प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के पक्ष में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। बूथ विजय संकल्प अभियान विषय को लेकर की गई इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

कांग्रेस पार्टी

लाहौल स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ग्याल्सन ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव पर्यवेक्षक जगत सिंह नेगी की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव व जिला से उपचुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर इस बैठक में मंथन किया जाएगा। इस दौरान ओल्ड बस स्टैंड से रास बिहारी चोक तक केन्द्र सरकार व कांग्रेस के बागी नेताओं के खिलाफ रोष रैली भी निकाली जाएगी।

अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों में टोल फ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता लाने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय का टेलिमानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन सराहनीय काम कर रहा है और लोगों को इस बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए। आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थाओं को इसका व्यापक प्रचार करने को कहा है।

स्वीप कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम–स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कांगड़ा जिले में विधानसभा चुनावों में प्रत्येक क्षेत्र और व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास

किये जा रहे हैं। कांगड़ा के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि इसके तहत कल शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता विषय पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। वहीं चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज मतदान केंद्र सनवाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **बागी विधायकों के 15–15 करोड़ में बिकने के आरोप पर सीएम को सुधीर का मानहानि नोटिस। पंजाब केसरी** का शीर्षक है **सुधीर ने सी एम को भेजा मानहानि का नोटिस, बाकी आज भेंजेंगे। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री को दिया 5 करोड़ रूपए का मानहानि नोटिस।**

दूसरे की जगह परीक्षा देने के आरोप में आई ए एस अफसर तंवर निलंबित अमर उजाला की एक खबर है। **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **दूसरे की जगह पेपर देते पकड़ा आई ए एस अधिकारी सस्पेंड।**

पंजाब केसरी ने लिखा है **कांग्रेस आज लगाएगी चुनावी प्रत्याशियों पर मोहर, दिल्ली में जुटेंगे नेता। दैनिक जागरण के शब्द हैं कांग्रेस प्रत्याशियों पर दिल्ली में आज होगा मंथन। हिमाचल दस्तक** का कहना है **कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आज लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा संभव।**

हाईकोर्ट से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी और दैनिक जागरण** ने एक जैसा शीर्षक दिया है **बाहरी ताकतों के दबाव में कर्मचारियों के तबादले रोकने को क्या उपाय किए। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **बाहरी ताकतों के दबाव में आकर कर्मचारियों के तबादले नहीं रोके गए तो प्रदेश में कानून राज समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं नेता की सिफारिश पर किया तबादला आदेश प्रदेश हाई कोर्ट ने किया रदद।**